दैनिक जागरण लखनऊ, 29 जुलाई 2012

# खुलेंगे एक हजार कॉस्ट एकाउंटिंग सेंटर

**जागरण संवाददाता, लखनऊ :** तेजी से बढ़ती मांग के चलते लागत व प्रबंध एकाउंट करने वाले युवाओं की संख्या भी बढ़ रही है। पिछले सत्र में ही 1.15 लाख युवा लागत व प्रबंध एकाउंट की परीक्षा में बैठे थे। सौ प्रतिशत रोजगार के साथ लगभग 6.50 लाख सालाना पैकेज के कारण युवाओं का आकर्षण इस ओर बढ़ रहा है। इसे देखते हुए देश भर में इस साल एक हजार लागत व प्रबंधन एकाउंट शिक्षण संस्थान खोले जाएंगे।

इसमें पहले चरण में उत्तर प्रदेश के पीलीभीत, बाराबंकी, शाहजहांपुर, अलीगढ़, आगरा और मेरठ में यह संस्थान खुलेंगे। संस्थान की संख्या बढ़ते ही इस क्षेत्र में युवाओं की संख्या दोगुने से अधिक होगी। यह जानकारी द इंस्टीट्यूट ऑफ कास्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह ने दी।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बड़ी कंपनी के अंदर लागत व प्रबंध एकाउंटेंट की नियुक्ति अनिवार्य होगी। इससे उत्पाद निर्माण में गुणवत्ता और लागत में कमी आने का फायदा सीधे उपभोक्ताओं को मिलेगा। बदलते परिवेश में पाठ्यक्रम में संशोधन कर सूचना प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और कम्युनिकेशन का भी अंश शामिल किया जाएगा। वाराणसी, आगरा और मेरठ में नए चैप्टर खोले जाएंगे।

शामिल हुए-बसपा के जिलाध्यक्ष